# पिकअप वैन की टक्कर में यूपी के मऊ जिला की एक 46 वर्षीय महिला की मौत

## महिला शादी समारोह में पाकुड़ जिला के हिरणपुर आयी थी, वापस लौटने के दौरान एक रिश्तेदार को देखने के लिए सभी लोग जा रहे थे हिरणपुर के रामपुर गांव

**दुमका।** पाकुड़ जिला के हिरणपुर थाना क्षेत्र के बरमसिया गांव के समीप पिकअप वैन की टक्कर में एक ही परिवार के 8 लोग गंभीर हो गए। सभी को इलाज के लिए दुमका के फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था,जहां इलाज के दौरान एक 46 वर्षीय महिला रुखसाना बीवी की मौत हो गई। यह घटना रविवार को देर रात में हुई थी। मृतका साहिबगंज के बरहेट थाना क्षेत्र के करमा गांव की रहने वाली थी और भतीजी की शादी में उत्तरप्रदेश के मऊ जिले के बख्तावरगंज से आई थी। वहीं घायल मरजीना बीबी और बदरूद्दीन अंसारी का इलाज चल रहा है। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतका के चचेरे भाई हबीउल्ला अंसारी ने बताया कि 27 अप्रैल को बहन की बेटी की बरहेट के हरवाडीह गांव में शादी थी। शादी में मऊ जिले से बहन रुखसाना बीवी भी आई थी। शादी के दो दिन बाद 28 की रात में सभी लोग वापस लौट रहे थे। रविवार को बहन के अलावे घर के 8 सदस्य पाकुड़ के हिरणपुर स्थित रामपुर गांव में बीमार एक रिश्तेदार को देखने के लिए ऑटो से जा रहे थे। बरमसिया गांव के पास पिकअप वैन की ऑटो से टक्कर हो गई। वाहन पलट जाने के बाद सभी लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत नाजुक होने के कारण रुखसाना,मरजीना बीबी और बदरूद्दीन अंसारी को बेहतर इलाज के लिए फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। रात में इलाज के क्रम में रुखसाना की मौत हो गई, जबकि अन्य घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मौत की सूचना मिलने के बाद महिला के घर वाले अस्पताल पहुंचे और शव से लिपटकर रोने लगे। अस्पताल से सूचना मिलने के बाद नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। हादसे के बाद वैन चालक गाड़ी छोड़ फरार हो गया।



विलाप करते परिजन

## ट्रेन से कटकर युवक की दर्दनाक मौत

**दुमका।** सोमवार को हंसडीहा थाना क्षेत्र के दुमका-भागलपुर रेल पथ पर नोनीहाट स्टेशन से 500 मीटर की दूरी पर ट्रेन के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार उक्त युवक 40 नंबर गेट के पास खड़ा था । दुमका भागलपुर पैसेंजर ट्रेन आते देख युवक ने कूदकर ट्रेन पर चढ़ना चाहा। लेकिन चढ़ नहीं पाया और ट्रेन के नीचे गिर गया। जिससे युवक की ट्रेन से कटने से मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान उसके ड्राइविंग लाइसेंस से हुई। जिसपर मुरारी प्रसाद साह, डंगालपाड़ा दुमका अंकित है। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना मिलने पर हंसडीहा थाना से बीएन सिंह ने अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फूलों झानों मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका भेज दिया। बीएन सिंह के द्वारा उनके परिजनों को दुरभाष पर घटना की जानकारी दे दी गई।

## एक नजर में

### मिथिला सांस्कृतिक परिषद द्वारा रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**बोकारो।** मिथिला सांस्कृतिक परिषद की ओर से मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल में आयोजित रक्तदान शिविर में परिषद के कई पदाधिकारियों व सदस्यों के अलावा विद्यालय के शिक्षकों ने पूरे उत्साह के साथ बढ़ चढ़कर रक्तदान किया। बीजीएच के सहयोग से आयोजित इस शिविर का उद्घाटन बीजीएच के एसीएमओ एवं प्रभारी ब्लड बैंक डॉ श्रवण कुमार ने किया। मौके पर बीजीएच के डॉ सुरेन्द्र कुमार डॉ निलय पाठक परिषद के उपाध्यक्ष समरेन्द्र झा अविनाश कुमार झा महासचिव नीरज चौधरी संयुक्त सचिव प्रदीप झा सुनील चौधरी कोषाध्यक्ष मिहिर मोहन ठाकुर सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक अरुण पाठक योजना सचिव शिवेश पाठक संगठन सचिव बहुरन झा स्कूल के सचिव प्रमोद कुमार झा चंदन प्राचार्य अशोक कुमार पाठक मिथिला मिथिला समिति की अध्यक्ष सीमा झा सांस्कृतिक सचिव बीनू चौधरी सहित श्रीमोहन झा दिलीप ठाकुर मनोज कुमार झा श्रृषिकेश चौधरी शेफाली दुबे प्रदीप झा मनोज कुमार दुबे संतोष साहू एसएन झा बीएन गोस्वामी अरविन्द कुमार मिश्र राजीव किशोर कुमार बीजीएच की राजिता एक्का कविता कुमार सोनाली श्री मनीष अंकिता कौशल आदि उपस्थित रहे। अपने संबोधन में डॉ श्रवण ने कहा कि रक्तदान करते रहने से हमारे शरीर का संतुलन बना रहता है तथा कई बीमारियों का खतरा दूर रहता है। डॉ निलय पाठक ने कहा कि परिषद द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन प्रशंसनीय है। परिषद के उपाध्यक्ष अविनाश कुमार झा ने कहा कि रक्तदान को महादान की श्रेणी में माना गया है। महासचिव नीरज चौधरी ने कहा कि रक्तदान करने से कई लोगों का जीवन बचाया जा सकता है।

### मिथिला पंचांगयुक्त विशेष कैलेंडर के विमोचन पर जानकी नवमी पर चर्चा

**बोकारो।** मिथिला सांस्कृतिक परिषद द्वारा प्रकाशित वार्षिक कैलेंडर का विमोचन स्थानीय मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के विद्यापति सभागार में किया गया। वर्ष 2024-25 के लिए प्रकाशित इस वार्षिक कैलेंडर में मिथिला पंचांग सहित बोकारो में मिथिला समाज की विभिन्न गतिविधियों को रेखांकित किया गया है। वार्षिक कैलेंडर का विमोचन परिषद के उपाध्यक्ष समरेन्द्र झा अविनाश कुमार झा महासचिव नीरज चौधरी संयुक्त सचिव प्रदीप कुमार झा सुनील चौधरी वित्त सचिव मिहिर मोहन ठाकुर सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक अरुण पाठक संगठन सचिव बहुरन झा योजना सचिव शिवेश पाठक उप वित्त सचिव मनोज कुमार झा उप सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक प्रदीप झा कार्यकारिणी सदस्य गोविंद कुमार झा अनिल कुमार झा सुधांशु शेखर झा आनंद राजहंस सुदीप कुमार ठाकुर अरविंद कुमार मिश्र विजय कुमार ठाकुर गणेश झा स्थायी आमंत्रित सदस्य बटोही कुंवर राजेन्द्र कुमार स्कूल के सचिव पीके झा चंदन प्राचार्य अशोक कुमार पाठक मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष सीमा झा सांस्कृतिक सचिव बीनू चौधरी सहित श्रीमोहन झा दिलीप ठाकुर ऋषिकेश चौधरी आदि ने किया। परिषद के महासचिव नीरज चौधरी व सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक अरुण पाठक ने बताया कि आगामी 17 मई को मिथिला सांस्कृतिक परिषद के तत्वावधान में मिथिला महिला समिति के सहयोग से आयोजित जानकी नवमी कार्यक्रम भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ मनाने की योजना है।

### जेबीकेएसएस कसमार प्रखंड ईकाई की बैठक संपन्न

**बोकारो/कसमार।** जेबीकेएसएस कसमार प्रखंड ईकाई की कुरको मोड़ स्थित ब्रजेश कुमार महतो के आवास पर अति आवश्यक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता जेबीकेएसएस कसमार प्रखंड अध्यक्ष प्रशांत कुमार महतो तथा संचालन प्रखंड महासचिव नरेन्द्र कुमार घांसी ने की। बैठक के दौरान आगामी एक मई को जेबीकेएसएस एवं जेएलकेएम गिरिडीह लोक सभा प्रत्याशी टाईगर जयराम महतो के नॉमिनेशन को लेकर विचार विमर्श किया गया। इसमें प्रत्येक पंचायत के सभी जेबीकेएसएस कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल होंगे। कसमार प्रखंड अध्यक्ष प्रशांत कुमार महतो ने सभी पंचायत के पदाधिकारियों व कार्यकर्ता से अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा जेबीकेएसएस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता नॉमिनेशन के मौके पर पहुँचे। उन्होंने कहा कि नॉमिनेशन के बाद गिरिडीह लोक सभा प्रत्याशी टाईगर जयराम महतो को भारी मतों के अंतराल से जिताने के लिए सभी पंचायतों में घूम घूमकर रणनीति बनाई जाएगी। कहा कि जेबीकेएसएस व जेएलकेएम गिरिडीह लोक सभा प्रत्याशी टाईगर जयराम महतो को चुनाव लड़ने से कार्यकताओं में खुशी की लहर है इसलिए जीत के लिए कमर कस लिया है। बैठक के मौके पर नरेश घांसी राजेश महतो सृष्टिधर महतो विशु महतो ब्रजेश कुमार महतो राहुल महतो नंदकिशोर महतो जीतेन्द्र कुमार रंजीत महतो राजेश मुण्डा सुभाष महतो ताराचंद महतो मिथिलेश महतो सुजित महतो बिनोद महतो कुमार रॉकी समीर महतो समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### एमडीसी को ध्यान में रखकर ही विषय समूह का चयन करें छात्र: प्राचार्य

**दुमका।** सिदो कान्हू विश्वविद्यालय के द्वारा निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार एनईपी के परीक्षार्थियों के संशय को दूर करने के लिए एसपी कॉलेज केंद्राधीक्षक सह प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव ने नई शिक्षा नीति के तहत हो रही सेमेस्टर 2 की परीक्षा में छात्रों को एमडीसी पत्र के लिए विषय समूह में एमडीसी ढूंढने को सलाह दी है। छात्र इसके लिए एमडीसी को ध्यान में रखकर ही विषय समूह का चयन करें। मेजर विषय की परीक्षा समाप्त हो चुकी है। 30 अप्रैल से एमडीसी की परीक्षा आयोजित होगी। जिसके लिए समूह एक के विषय होंगे। इसी तरह आगे भी पुनः एसईसी आदि अनिवार्य विषय की परीक्षा मेजर विषयगत समूह से होगी। समस्या को दूर करते हुए कहा कि एमडीसी पत्र की सैद्धांतिक परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए छात्रों को ग्रुप ए, बी अथवा सी का चयन अपने एमडीसी विषय के आधार पर छात्रों को करना होगा। चाहे उनका मेजर ग्रुप कुछ भी हो। साथ ही एसईसी और एईसी पत्रों की परीक्षा में परीक्षार्थी अपने मेजर ग्रुप के आधार पर सम्मिलित होंगे। छात्रों को एमडीसी पत्र के ग्रुप चयन में हो रही समस्या को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय परीक्षा नियंत्रक द्वारा यह जानकारी साझा की गई है। इसकी जानकारी कॉलेज प्रवक्ता डॉ कुमार सौरव ने दी।

### मिर्जाचौकी स्टेशन चौंक समीप एक ट्रक नाली में पलटा, कोई हताहत नही

**मंडरो।** मिर्जाचौकी बाजार के स्टेशन चौक समीप देर रातचिप्स लोड ट्रक नाली में पलट गई ।जिससे बगल में घर बाल बाल बचे यदि पुरी तरह ट्रक पलटती तो एक बड़ी हादसा हो सकती थी, बताते चलें कि स्टेशन मोड़ पर अक्सर बड़ी वाहन पलटती रहती है लेकिन अभी तक नाली का मरम्मत नहीं किया जा सका है चाहे जो भी हो दूकान एवं घर बाल बाल बचा इधर मिर्जाचौकी थाना पुलिस ट्रक को किसी तरह नाली से बाहर निकाला गया।तब परिवहनों का परिचालन शुरू किया जा सका।

### सुदूरवर्ती एवं संवेदनशील मतदान केंद्रो का निरीक्षण किया

साहिबगंज। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय साहिबगंज के द्वारा बोरियो प्रखंड के सुदूरवर्ती एवं संवेदनशील मतदान केंद्रों का थाना प्रभारी के साथ भौतिक रूप से निरीक्षण कर चुनाव को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए स्थानीय नागरिकों से चुनाव में भयमुक्त होकर अधिक संख्या में मतदान करने की भी अपील की गई।

## स्पीड न्यूज

### उत्पाद विभाग ने अवैध चुलाई शराब किया जब्त

**बोकारो।** डीईओ सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने चंद्रपुरा प्रखंड के दुगदा थाना अंतर्गत जमुनिया नदी किनारे अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की। मौके से उत्पाद टीम ने 840 केजी जावा महुआ शराब एवं 755 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त की। वहीं अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया। छापेमारी के क्रम में अभियुक्तों हरिपद महतो एवं सुरेश महतो पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया गया। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट दीपिका कुमारी सहित सशस्त्र बल शामिल थे। बता दें कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है।

### अगलगी से पीड़ित परिवारों को समाजवादी एमटी राजा ने की सहायता

**साहिबगंज।** उधवा प्रखंड के दक्षिण प्यार पुर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत छोटी आकुनबन्ना, बड़ी आकुनबन्ना एवं राजघाट के ग्वालटोली में लगभग 27 घरों में भीषण आगजनी के कारण घर का सब कुछ जलकर स्वाहा हो गया। उस वक्त गरीबी के मसीहा एम टी राजा ने सभी पीड़ित परिवारों के बीच के बीच जरूरत के सामानों के साथ- साथ खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। जानकारी के अनुसार पिछले 20-25 वर्षों से जरुरत मंदों को समाजसेवी एम टी राजा सहायता करते हुए आ रहे हैं।

### लोकसभा चुनाव के तैयारी में जम कर उतरे लोबिन हेंब्रम

**बरहेट।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर क्षेत्र में सभी पार्टियों के प्रत्याशी क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान जोर शोर से चल रही है। वहीं सोमवार को विधायक लोबिन हेंब्रम के पुत्र अजय हेंब्रम के द्वारा को बरहेट प्रखंड के इलाकी,तिलाकी, बोडबांध,बरमसिया, झीमोली सहित अन्य गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। लोगों का काफी जुटान देखा गया, जनता द्वारा जोर शोर से स्वागत कर लॉबिन हेंब्रम जिंदाबाद का नारा लगाया। साथ ही आदिवासी रीति रिवाज के तहत महिलाओ ने पैर धोकर सम्मानित किया।

### उपायुक्त ने की विभिन्न विभागों के संयुक्त रूप से समीक्षात्मक बैठक

**साहिबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में डीएमएफटी, लघु कुटीर उद्योग, उद्योग विभाग, मत्स्य, मशरूम उत्पादन, झारक्राफ्ट विभाग के कार्यों की संयुक्त रूप से समीक्षात्मक बैठक कार्यालय कक्ष में की गईं। उपायुक्त ने पिछले बैठक में दिए गए निर्देशों पर क्रमबद्ध रूप से चर्चा की साथ ही निर्देश दिया कि शेष बचे कार्यों को तेजी से पूरा किया जाए। उपायुक्त द्वारा पिछले दिनों सदर अस्पताल, साहेबगंज का निरीक्षण के क्रम में पाए जाने वाली खामियों के विषय में चर्चा की।

# भीषण गर्मी में बीएड छात्र मूलभूत सुविधाओं की कमी में परीक्षा देने को विवश

## कदाचारमुक्त परीक्षा के दावे हो रहे फेल



परीक्षा दे रहे बीएड छात्रों का सीसीटीवी फुटेज

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू विश्वविद्यालय प्रशासन देश का भविष्य कहे जाने वाले बच्चों को पढ़ाने के लिए तैयार हो रहे दक्ष बीएड छात्रों का ही भविष्य और जीवन से खिलवाड़ कर रही है। विश्वविद्यालय प्रशासन भीषण गर्मी में बीएड सेमेस्टर-1, सत्र 2023-25 के छात्रों का परीक्षा मूलभूत सुविधाओं की घोर कमी में परीक्षा देने को विवश है। बीएड छात्र परीक्षा विभाग के नासमझी से इस चिल-चिलाती धूप और प्रचंड गर्मी में द्वितीय पाली में 2 बजे से परीक्षा देने को मजबूर है। वहीं परीक्षा केंद्र में सुविधाओं का घोर अभाव है। छात्र भीषण गर्मी में परीक्षा केंद्र के एक कमरे में करीब 200 छात्र परीक्षा देने को बाध्य है। जहां बैठने को उचित व्यवस्था की कमी, पेयजल की किल्लत, स्वच्छता का अभाव, बिजली और पंखा का अभाव में जैसे-तैसे परीक्षा देने को विवश है।

एसपी कॉलेज परिसर में बने परीक्षा केंद्र में दो कॉलेज एसपी कॉलेज एवं तकीपुर बीएड कॉलेज, रानीश्वर के छात्र परीक्षा दे रहे है। एक छोटे से बेंच में दो छात्र बैठ रहे है। ऐसे में कदाचारमुक्त परीक्षा होने पर सवाल खड़ा हो रहे है। छात्रों के नजदीक बैठने और पर्यवेक्षक के तैनाती समेत कदाचारयुक्त परीक्षा के विभिन्न साधन आसानी से परीक्षा केंद्र में बेरोक-टोक ले जा रहे है। ऐसी स्थिति में कदाचारमुक्त परीक्षा का कल्पना बेईमानी होगी। जिससे परीक्षा विभाग के कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे है।

# गोड्डा की छात्राओं ने जामताड़ा में किसानों को दिया प्रशिक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** तिलका माँझी कृषि महाविद्यालय, गोड्डा की चतुर्थ वर्ष की छात्राओं ने ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव के अन्तर्गत जामताड़ा के बेना गाँव में किसानों का सर्वे किया साथ ही किसान उपयोगी प्रशिक्षण प्रदान किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत उन्होंने कीटनाशक छिड़काव के दौरान बरते जाने वाली सावधानियों एवं उनके उपयोग के सही तरीके के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने 'अपशिष्ट से धन' के बारे में भी अवगत कराया जिसमे उन्होंने किसानों को अपशिष्ट से धन कमाने की विभिन्न पद्धतिओं के बारे में जागरूक कराया।

इस कार्यक्रम में छात्राएँ साक्षी कुमारी, निकिता कुमारी मुंडा, भाग्य श्री, यशी, मयूरी सुशांत और किसानों में अशोक रजवार, महेश्वर महतो, हेमंत चंद्र बाउरी, संजीत कुमार यादव, सुल्तान अंसारी के साथ कृषक मित्र मुकेश कुमार यादव एवं अनय किसान उपस्थित थे।

# एसकेएमयू एकेडमिक काउंसिल नैक एग्रीडेशन समेत सिलेबस को लेकर हुई बैठक



बैठक करते कुलपति एवं एकेडमिक काउंसिल सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के मिनी कांफ्रेंस हॉल में सोमवार को एकेडमिक काउंसिल की बैठक आहूत हुई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने की। बैठक में राजभवन से स्वीकृत कुल तीन एजेंडों पर चर्चा कर निर्णय लिया गया। बैठक में काउंसिल के सामने सबसे पहले नेक एक्रिडेशन के लिए वर्ष 2022-23 का एक्यूएआर रिपोर्ट को स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया गया। उक्त रिपोर्ट को प्रस्तुत करते हुए विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी समन्वयक डॉ निलेश कुमार ने कहा कि कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के नेतृत्व में नैक के सातों क्राइटेरिया में पिछले वर्षो के तुलना में विश्वविद्यालय ने अपेक्षाकृत बेहतर कार्य किया है। उन्होंने कहा सभी के सहयोग से इस बार टीचिंग, लर्निंग, रिसर्च, इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्टूडेंट स्पोर्ट, गवर्नेंस समेत संस्थागत मूल्य के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य हुए है। जिसकी झलक वर्ष 2022-23 का एक्यूएआर रिपोर्ट में दिखा रहा है। उक्त एजेंडा को स्वीकृत किया गया। दूसरा एजेंडा विभिन्न विषयों के यूजी और पीजी सिलेबस को स्वीकृति देने के लिए रखा गया था।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के निमित वोट वाकाथान का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कोषांग द्वारा नियमित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों की कड़ी में डीईओ सह उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में वोट वाकाथान का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ स्थानीय सेक्टर 05 स्थित पत्थरकट्टा चौक से हुआ जो राम मंदिर चौक जाकर संपन्न हुआ। मौके पर जिला स्तरीय सभी पदाधिकारीगण आइएमए एवं निजी नर्सिंग अस्पताल संघ/ड्रगिस्ट एंड केमिस्ट संघ के प्रतिनिधि काफी संख्या में शहरवासी शामिल हुए। इस अवसर पर श्रीमती जाधव ने कहा कि जिस उत्साह के साथ सभी इस कार्यक्रम में शामिल हुए हैं इसी उत्साह के साथ मतदान दिवस के दिन सभी घरों से निकलकर मतदान केंद्र पहुंच अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने मतदान दिवस को शत प्रतिशत मतदान कर



बोकारोवासियों से नया आयाम गढ़ने का आह्वान किया। कहा कि मतदान लोकतंत्र का महापर्व है जो पांच वर्षों में एक बार आता है। स्वयं मतदान करें और अपने आसपास के दूसरे लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।डीईओ ने चुनाव का पर्व, देश का गर्व स्लोगन को बोला जिसे सभी ने दोहराया। इसके बाद आगामी 25 मई को मतदान करने के संदेश संबंधित गुब्बारा को आसमान में छोड़ा गया। डीडीसी संदीप सिंह ने कहा कि अगर किन्हीं के पास ईपीक नहीं है तो भी वह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वीकृत 12 अन्य वैक्लपिक दस्तावेजों को प्रस्तुत कर मतदान केंद्र पर जाकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं। मीडिया कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह ने उपस्थित सभी को मतदाताओं को प्रतिज्ञा दिलाई। मौके पर पदाधिकारी मेनका डॉ दिनेश कुमार, डीपीआरओ साकेत कुमार पांडेय, मुख्यालय डीएसपी आशीष कुमार, महली सदानंद महतो मो शफीक आलम, अतुल कुमार चौबे सहित जिले के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारीगण व कर्मी आदि उपस्थित थे।

### 156वें शक्ति महायज्ञ को लेकर निकाली गई कलश शोभायात्रा

**मंडरो।** झारखंड बिहार सीमा क्षेत्र अंतर्गत मधुबन शीतला स्थान में नौ दिवसीय शक्ति महायज्ञ का आयोजन बाल संत त्यागी जी महाराज उर्फ इंटरनेशनल भिखारी के सानिध्य में किया जा रहा है । जिसको लेकर गाजे बाजे ढोल नगाड़े के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई । कलश यात्रा में शामिल नर नारी नंगे पांव सर पर कलश लेकर नगर भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल के समीप स्थित गंगा तट से कलश में जल भरकर यज्ञ भगवान सहित अन्य देवी देवताओं की जयकारे के साथ यज्ञ मंडप पहुंचे। इसके पूर्व मुख्य अतिथि वेटरेंस इंडिया जिलाध्यक्ष साहिबगंज भूलन दूबे व अन्य आगंतुक अतिथियों ने फीता काटकर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया।

# 5 मई को बोकारो में 5 केंद्रों पर होगी नीट की परीक्षा, 2884 अभ्यर्थी होंगे शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** मेडिकल शिक्षण संस्थानों में दाखिले हेतु नीट (यूजी) 2024 का आयोजन आगामी 5 मई को किया जा रहा है। एनटीए के सिटी कोऑर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिले में सभी पांचों सेंटरों को मिलाकर कुल 2884 अभ्यर्थी नीट की परीक्षा देंगे। सिटी कोआर्डिनेटर डॉ गंगवार ने बताया कि सेक्टर 4एफ स्थित एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल में 840 बालीडीह रेलवे कॉलोनी स्थित होली क्रॉस स्कूल में 720 सेक्टर 5 के जिजीपीएस में 720 सेक्टर 6 स्थित क्रिसेंट पब्लिक स्कूल में 480 और



सेक्टर 4 स्थित डीपीएस बोकारो में 124 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार-मुक्त हो इसके लिए पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों से निर्धारित गाइडलाइन का अक्षरशः पालन किए जाने की अपील की है। नीट यूजी 2024 के टेस्ट पैटर्न में चार विषय शामिल हैं। प्रत्येक विषय में दो खंड होंगे। सेक्शन ए में 35 प्रश्न होंगे। सेक्शन बी में 15 प्रश्न होंगे। इन 15 प्रश्नों में से उम्मीदवार कोई भी 10 प्रश्न चुन सकते हैं। प्रश्नों की कुल संख्या और समय का उपयोग वही रहेगा। परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर मेटल डिटेक्टर और अनिवार्य गहन सुरक्षा जांच से गुजरना होगा। डिब्बे में बंद कोई भी खाद्य वस्तु ले जाने की उन्हें मनाही है। एग्जाम हॉल में एनटीए की ओर से एक अभ्यर्थियों को एक पेन दिया जाएगा जिसे वे परीक्षा के बाद अपने साथ ले जा सकेंगे।

### प्रखंड कार्यालय से निकाली गई मतदाता जागरूकता अभियान रैली

**बरहेट।** सोमवार को प्रातः प्रभात फेरी के रूप में प्रखंड कार्यालय परिसर से निकला मतदाता जागरूकता रैली। वहीं रैली बाजार का भ्रमण कर मतदाताओं को किया जागरूक। मतदाता जागरूकता रैली में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी अंशु कुमार पांडे, सीओ चोनाराम हेंब्रम, थाना प्रभारी पवन कुमार प्रखंड कर्मी, आंगनबाड़ी सेविका, स्कूली छात्र छात्रा व अन्य शामिल हुए। ये रैली लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। मतदाता जागरूकता रैली मिडिल स्कूल रोड, हॉस्पिटल रोड, हाटपारा रोड, शिवगादी चौक, नवाब चौक, मेन रोड सहित विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए समापन किया गया।

## स्पीड न्यूज

### जंगल से 150 किलो अवैध कत्था बरामद छह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज



**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया थाना क्षेत्र के शीला ओपी पुलिस ने सोमवार को चौपे महनैया नदी जंगल में छापेमारी कर 150 किलो अवैध कत्था जब्त किया है। पुलिस ने वहां से कत्था बनाने में काम आने वाले बर्तन, तराजू खैर की लकड़ी आदि बरामद किया है। इस बाबत पुलिस ने छह लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि जंगल में कुछ लोग अवैध कत्था बनाने का कारोबार चला रहे हैं। सूचना के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देशानुसार एकक टीम गठित किया गया और उसे मौके पर भेजा गया। टीम ने जंगल में छापामारी कर उक्त सामग्री जब्त कर लिया। इस संबंध में अवैध कारोबार सहित वन अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से शिक्षक की मौत

**चतरा।** इटखोरी-चतरा मुख्य मार्ग में भुरकुंडा के पास सोमवार की सुबह 8 बजे एक बाइक दुर्घटना में प्रतापपुर के एगहारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के शिक्षक सत्यनारायण यादव की मृत्यु हो गई। कोडरमा जिला के जयनगर के रहने वाले सत्यनारायण हजारीबाग से बाइक से प्रतापपुर जा रहे थे तभी एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को ठोकर मार दी, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद उनकी पत्नी और पिता समेत कई रिश्तेदार थाने पहुंचे और शव को देखकर रोने लगे। सत्यनारायण की बाइक को ठोकर मारने वाले वाहन का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

### दो पक्षों में मारपीट, युवक घायल



**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के लुभिदिया गांव के दो युवकों, प्रकाश यादव और प्रमोद यादव के बीच आपसी विवाद को लेकर मारपीट हो गई, जिसमें प्रकाश यादव घायल हो गया। प्रकाश यादव के पिता हेमराज यादव ने स्थानीय थाने में आवेदन दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि प्रमोद यादव ने प्रकाश यादव के माथे पर रॉड से हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल प्रकाश यादव को स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर में इलाज कराया गया और बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। प्रमोद यादव ने भी अपने बचाव के लिए थाने में आवेदन दिया है। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि इस मामले में दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त हुआ है और मामले की छानबीन की जा रही है।

### जलमीनार बना, मोटर पंप भी लगी पर एक साल से नहीं निकला एक बूंद पानी

**चौपे पंचायत के ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए संघर्ष**



**(अशोक कुमार)** सिमरिया। प्रखंड के चौपे पंचायत के अंतर्गत आने वाले चौपे, अनगड़ा, बिरहु और बड़गांव गाँव के निवासियों को पीने के पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। जल नल योजना के तहत एक वर्ष पूर्व पुराने चापानल में मोटर लगाई गई थी और एक जलमीनार भी बनाया गया था, लेकिन आज तक ग्रामीणों को पीने के लिए पानी नहीं मिल पाया है। पुराने बोरिंग में मोटर लगाने के कारण अब पानी नहीं निकलता है, जिससे गर्मी के मौसम में पानी की भारी समस्या उत्पन्न हो गई है। संवेदक द्वारा घटिया निर्माण कार्य किए जाने के कारण ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि संजय भोक्ता ने बताया कि संवेदक को कई बार सही कराने के लिए कहा गया, लेकिन उसने कोई ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पानी उपलब्ध कराने की मांग की है और चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे।

### गोविंद राम की आकस्मिक निधन

**गिद्धौर।** प्रखंड के जाने-माने व्यक्ति गोविंद राम का सोमवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वे गांव के कल्याण और लोगों का अंतिम संस्कार करने के लिए जाने जाते थे। उनके अंतिम संस्कार में सैकड़ों लोग शामिल हुए और विधि-विधान पूर्वक उनका अंतिम संस्कार स्थानीय हथिया पत्थर श्मशान घाट में किया गया।

### वर वधू को आशीर्वाद देने पहुंचे पूर्व सांसद

**गिद्धौर।** रविवार को मुकुटधारी दांगी के सुपुत्र प्रशांत कुमार और बहू सिम्पी कुमारी के बहुभात कार्यक्रम में पूर्व सांसद भूनेश्वर मेहता, जिला परिषद सदस्य रामसेवक दांगी, अर्जुन प्रसाद दांगी, हजारीबाग के इन्द्रमनी देवी कुशवाहा समाज के जिला अध्यक्ष केदार प्रसाद दांगी, देवचरण दांगी और पूर्व जिला परिषद सदस्य राम लखन दांगी ने शिरकत की। उन्होंने वर-वधू को आशीर्वाद दिया और उनके लंबे और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की।

### दुसरे दिन दो अभ्यार्थियों ने दाखिल किया नामांकन पत्र, कुल 23 ने खरीदे पर्चे



चतरा लोकसभा निर्वाचन के नामांकन के दूसरे दिन सीपीआई के अर्जुन कुमार और निर्दलीय दीपक कुमार गुप्ता ने नामांकन पत्र दाखिल किया। अब तक कुल 4 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। पहले दिन भाजपा के कालीचरण सिंह और निर्दलीय अभिषेक कुमार सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन तक कुल 23 फॉर्म क्रय किए गए हैं।

### झोलाछाप डॉक्टर शिवशंकर शर्मा के खिलाफ जोरी थाना में प्राथमिकी दर्ज

**चतरा।** जिले के जोरी थाना क्षेत्र के दंतार निवासी मृतक सतेन्द्र यादव के परिजनों ने झोलाछाप डॉक्टर शिवशंकर शर्मा के खिलाफ जोरी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिस पर आरोप है कि उसने सतेन्द्र के जले शरीर को ठीक करने की गारंटी ली थी। झोलाछाप डॉक्टर और उसके दलाल पीड़ित परिजन को मनाने में जुटे हुए हैं, जबकि जोरी पुलिस पीड़िता को न्याय दिलाने में अब तक शिथिलता दिखा रही है। इस गंभीर मामले में स्वास्थ्य विभाग के जिले के सबसे बड़े अधिकारी सिविल सर्जन जगदीश प्रसाद हमेशा की तरह अनजान बने हुए हैं। जिले में सिविल सर्जन के पदस्थापन के बाद से एक दर्जन से अधिक झोलाछाप डॉक्टरों के गलत इलाज के कारण मौत हो चुकी है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर अप्रत्यक्ष रूप से संरक्षण दिया जा रहा है। पीड़ित परिजन अब उपायुक्त से न्याय की उम्मीद लगाए हुए हैं।

# जेईई मेंस रिजल्ट में आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय के बच्चों ने लहराया परचम








खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड के विद्यार्थियों ने इस वर्ष आयोजित जेईई मेंस की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय से कुल छह छात्र इस परीक्षा में सफल होकर एडवांस एग्जाम के लिए क्वालीफाई कर लिए हैं। जिसमें से अमित कुमार 98. 82, शुभांगी बारहपुरिया 97. 10, प्रथम कुमार राणा 94. 72, प्रणव राज 94. 33, मनीष रंजन 92. 84 एवं चंदन कुमार राणा 92. 40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई कर अपने विद्यालय के साथ साथ क्षेत्र और जिले का नाम रौशन किया है। विद्यार्थियों के इस शानदार सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य पुनीत यादव ने हर्ष व्यक्त किया एवं सफलतम विद्यार्थियों को उनके उज्वल भविष्य की कामना किए। वहीं प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय लगातार सफलता की प्रगाढ़ता को आगे बढ़ाते हुए अपने क्षेत्र के लिए नया आयाम स्थापित करते जा रहा है। उन्होंने कहा कि विगत कई वर्षों से विद्यालय जेईई मेंस, जेईई एडवांस और मेडिकल क्षेत्र के नीट परीक्षा के लिए विद्यालय अपने क्षमता से देहात क्षेत्र के अंदर शिक्षकों के माध्यम से आगे और भी बेहतर रिजल्ट देने के लिए संकल्पित है। विद्यालय की इस शानदार सफलता पर क्षेत्र के बुद्धिजीवियों ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में सांसद सह शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. नीरा यादव, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, उपाध्यक्ष निर्मला देवी, प्रीति कुमारी, केदार नाथ यादव, गनपत यादव, रामेश्वर प्रसाद यादव, के आलावे विद्यालय के उपप्राचार्य अर्जुन चंद्र यादव, रवींद्र कुमार रवि, विद्यालय के कॉर्डिनेटर महेन्द्र कुमार, दीपक कुमार, महेंद्र कुमार पांडेय, गोपाल यादव, नरेश सिंह, सीताराम यादव, शाहिद हुसैन, बिट्टू कुमार, शरीफ अंसारी समेत सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने सफलतम विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## माले प्रखंड कमेटी की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** माले प्रखंड कमिटी की बैठक पिपचो पार्टी कार्यालय में प्रखंड सचिव अशोक यादव की अध्यक्षता में सोमवार को संपन्न हुई। बैठक के दौरान पिछले कार्यक्रमों की समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया। वहीं इस दौरान इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह के नामांकन (1/5/2024) के दिन सभी पंचायत से अधिक से अधिक संख्या में गिरिडीह चलने का निर्णय लिया गया। बैठक में राज कमेटी सदस्य मो. इब्राहिम, एकटू जिला सचिव विजय पासवान ने कहा कि महागठबंधन के प्रत्याशी को जनबल का समर्थन पूरे लोकसभा क्षेत्र में बढ़-चढ़कर मिल रहा है। इस बार महागठबंधन की जीत सुनिश्चित है, इसे और तेज करने की जरूरत है। वहीं प्रखंड सचिव अशोक यादव, जिला कमिटी सदस्य मुन्ना यादव ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र में लगातार भाजपा के सांसद रहने के बाद भी क्षेत्र के किसान, मजदूर, छात्र व नौजवानों की आवाज कभी भी संसद में सुनाई नहीं दिया, ना ही वह आवाज सड़कों पर दिखाई पड़ा। हमेशा क्षेत्र के लोगों को निराशा हाथ लगी है। इस बार गठबंधन के प्रत्याशी चुनाव जीतकर सड़कों से लेकर सदन तक गंभीर सवालों को उठाएंगे और वह आवाज सड़कों पर भी सुनाई पड़ेगा। इस बार कोडरमा की जनता मन बना चुकी है सुख दुख के साथी को चुनकर लोकसभा भेजेंगे। बैठक में पूर्व जिला सचिव मोहन दत्त, नंदिता भट्टाचार्य, असगर अंसारी, किसुन दास, विजय ठाकुर, सुरेंद्र सिंह, हकीम खान, शंभू नाथ वर्मा, पूर्वी जोन लोकल कमेटी सचिव चांद अख्तर, छात्र नेता सलीम अंसारी आदि मौजूद थे।

### बालिका प्लस टू विद्यालय में एलपीजी सेफ्टी क्लीनिक का आयोजन

**कोडरमा।** प्रखंड अंतर्गत डुमरडीहा पंचायत के बालिका प्लस टू विद्यालय में एलपीजी सेफ्टी क्लीनिक का आयोजन किया गया, जहां मैसर्स रामपाल एजेंसीज झुमरीतिलैया द्वारा आयोजित इस क्लीनिक में डूमरडीहा पंचायत के सभी गैस उपभोक्ताओं तथा विद्यालय के सभी बच्चियों को एलपीजी का सही सुरक्षित इस्तेमाल, दुर्घटना से बचाव के साथ-साथ बीमा से संबंधित प्रावधानों की जानकारी दी गई। वहीं रामपाल एजेंसी के दीपक सिंह ने उपस्थित महिलाओं को बताया कि रेगुलेटर का सही तरीके से नॉव ऑन करें, महिलाएं जब भी गैस चूल्हा के समीप काम करें तो वह सूती वस्त्र का ही प्रयोग करें, गैस लीकेज होने की हालत में कमरे का दरवाजा और खिड़की खोल दें और बिजली स्विच, माचिस या लाइटर का प्रयोग नहीं करें। वहीं इस दौरान विद्यालय में लगभग 20 ग्राहकों का ई-केवाईसी भी किया गया और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के द्वारा 10 केजी की कंपोजिट सिलेंडर लॉन्च की गई है, जो वजन रहित पारदर्शी तथा ब्लास्ट प्रूफ है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं, पंचायत के गैस उपभोक्ता आदि मौजूद थे।

## मध्य प्रदेश के सीएम डॉ मोहन यादव ने हंटरगंज में जनसभा को किया संबोधित

**भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील**



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने हंटरगंज में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सशक्त बन रहा है और आतंकवादी घटनाओं पर लगाम लगी है। उन्होंने कहा कि जब-जब आतंकवादी मारा जाता है, पाकिस्तान अपना हाथ होने से इनकार कर देता है। उन्होंने धर्म-संस्कृति बचाने के लिए बीजेपी के पक्ष में वोट करने की अपील की और बीजेपी प्रत्याशी कालीचरण सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर लगभग 100 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।कार्यक्रम में प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी ने पार्टी प्रत्याशी को रिकॉर्ड मतों से जिताने की अपील की। पार्टी प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा कि यदि जनता उन्हें मौका देती है, तो वे क्षेत्र का विकास करेंगे और मूलभूत सुविधाओं को बहाल करेंगे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि 70 वर्षों से विवादित राम मंदिर का मामला सुलझा लिया गया है और 22 जनवरी 2024 को पुरुषोत्तम श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा कराकर राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा।

### सड़क हादसे में शिक्षक की मौत

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत ककरचोली ग्राम के शिक्षक सतनारायण यादव स्कूल जाने के दौरान सड़क हादसा का शिकार हो गये एवं आकस्मिक मौत हो गयी। विदित हो कि वे अपने घर से वैवाहिक कार्यक्रम समाप्त कर स्कूल जा रहे थे। इसी दौरान इटखोरी के समीप सड़क हादसा का शिकार हो गये एवं मौत हो गयी। घटना से आहत परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## भाजपा को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने को लेकर चला सघन अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** डोमचांच प्रखंड अंतर्गत नावाडीह, माथाड़ीह, बेहराडीह पंचायत में जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने के लिए सघन अभियान चलाया। वहीं उन्होंने पंचायत के बूथ अध्यक्षों से आग्रह किया कि आप अपने बूथ पर 2019 की अपेक्षा 10 से 15 प्रतिशत मतदान प्रतिशत बढ़ायें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार अभियान को सफल बनाये और एक कमल फूल की माला में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी को रिकार्ड मतों से विजयी बनाऐं। वहीं बुथ अध्यक्ष, संयोजक, सहसंयोजक, पंचायत प्रभारी, पन्ना प्रमुखों से आग्रह किया कि आप अपने बूथ को सशक्त बनाने और घर-घर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उल्लेखनीय कार्य को जनता तक पहुंचाये। कार्यक्रम में राजेश सिंह, प्रभाकर लाल रावत, विनय मोदी, शशि भूषण प्रसाद, महेंद्र यादव, परमेश्वर यादव, चंद्रशेखर जोशी, कामिनी देवी, संगीता सिन्हा, महेश वर्मा, मुकेश राम, कुलदीप राम, परिजात सिंह, सुनील भारती, संजय मेहता, अखिल सिन्हा, सुजीत कुमार, सुदेश मोदी, निमेश कुमार, तुलसी मेहता, हर्ष मेहता, प्रदीप यादव, महेश मेहता, कृष्णनाथ गोश्वामी, प्रियांशु कुमार, अमेरिका राणा समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

## मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने को लेकर महिला कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देशानुसार त्रुटिरहित मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने को लेकर पोलिंग पार्टी मतदान पदाधिकारी, पीठासीन पदाधिकारी व सभी महिला मतदान पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन डीडीसी ऋतुराज निरीक्षण करने पहुंचे और चुनाव कार्य को सफलतापूर्वक और त्रुटिरहित संपन्न कराने के लिए ईवीएम पर अच्छे से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लेने, मास्टर ट्रेनर द्वारा बताई गई हर बिंदुओं पर बारिकी से अध्ययन करने एवं उसका पालन करने का निर्देश दिया। मतदान कार्य से जुड़े सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को ईवीएम, वीवी पैट के कनेक्शन, संचालन एवं समस्त मतदान प्रक्रियाओं का गहन प्रशिक्षण दिया गया। वहीं पीठासीन पदाधिकारियों के कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में मास्टर ट्रेनर द्वारा पीपीटी के माध्यम से विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। वहीं मास्टर ट्रेनर सुदीप सहाय, अश्विनी कुमार तिवारी, उमेश कुमार सिन्हा, सत्यजीत द्वारा मतदान पदाधिकारी द्वितीय को मतदान के एक दिन पूर्व, मतदान के दिन का कार्य, वास्तविक मतदान के पूर्व का कार्य, वास्तविक मतदान की प्रक्रिया, सीलिंग की प्रक्रिया, पोस्टल बैलेट की जानकारी समेत अन्य बिंदुओं पर पूरी तरह से प्रशिक्षण दिया गया। वहीं सोमवार को 350 महिला मतदान पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया।

## राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में जिले के योग खिलाड़ियों ने जीते 15 पदक

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** 9वीं सत्यआनंद राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता रांची के बहुबाजार स्थित बिशॉप्स स्कूल के प्रांगण में 27 अप्रैल से 28 अप्रैल 2024 तक आयोजित की गई थी। जिसमे जिले के 22 खिलाड़ी एवं 05 कोच/मैनेजर ने हिस्सा लिया था, जिसमें 8 वर्ष से कम आयु वर्ग में वेदांता वर्मा ने स्वर्ण पदक, सुनीता कुमारी ने स्वर्ण पदक, शिवम् कुमारी ने स्वर्ण पदक एवं ऋतिक यादव ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं 8 से 10 वर्ष आयु वर्ग में पीहू कुमारी स्वर्ण पदक एवं स्पर्धा गुप्ता ने कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं 10 से 12 वर्ष आयु वर्ग में नमन जैन ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं 12 से 14 वर्ष आयु के बालिका वर्ग में तनुश्री ने स्वर्ण पदक एवं अनुश्री ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं बालक वर्ग में दीक्षित राज ने स्वर्ण पदक एवं सेक्रेड हार्ट स्कूल के प्रत्युश राज ने कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग में लवली कुमारी ने रजत पदक, रेशम वीरांगना ने कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं 35 वर्ष से ऊपर के आयु वर्ग में अंजू कुमारी ने कांस्य पदक एवं सुरेश प्रसाद सेठ ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं इस प्रतियोगिता के टाइटल राउंड में आकाश योग केंद्र के 6 खिलाड़ियों ने अपने ग्रुप में चैंपियन बने। जिसमे 8 से 10 वर्ष में पीहू कुमारी राज्य द्वितीय स्थान पर रही, 10 से 12 वर्ष में नमन जैन राज्य में प्रथम स्थान पर रहे, 12 से 14 वर्ष बालिका वर्ग में तन्नू श्री राज्य में तृतीय स्थान पर रही। वही इसी उम्र के बालक वर्ग में दीक्षित राज ने राज्य में प्रथम स्थान पर रहे, 14 से 18 वर्ष के बालिका वर्ग में रेशम वीरांगना राज्य में तृतीय स्थान पर रही एवं 35 वर्ष से ऊपर के स्पर्धा में 74 वर्षीय कपड़ा व्यापारी सुरेश प्रसाद सेठ ने राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम की कप्तान एवं कोच ईशा कुमारी एवं मैनेजर प्रतिमा कुमारी एवं लक्ष्मी देवी को नियुक्त किया गया था, जिनकी देख रेख में कोडरमा जिला की टीम ने इतना बेहतरीन प्रदर्शन किया। जिला योगासन स्पोर्ट्स संघ के सचिव आकाश कुमार सेठ ने दी। सभी विजय प्रतिभागियों को सेक्रेड हार्ट स्कूल के निदेशक प्रमोद सिंह, प्राचार्य प्रमोद शर्मा, चाइल्ड प्रोगेसिव स्कूल के निदेशक तौफीक हुसैन, वरिष्ठ योग खिलाड़ी मिथिलेश राम गुप्ता, उमेश यादव, सौम्या भदानी, अरविंद एकघरा सहित कई योग खिलाड़ियों ने बधाई दिया।

### निर्भीक होकर मतदान करने को लेकर चला मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



**कोडरमा।** जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और शत-प्रतिशत मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के उद्देश्य से स्वीप कोषांग द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। वहीं कम मतदान वाले क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाकर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने को लेकर जागरूक किया जा रहा है। वहीं बूथ लेवल अधिकारी द्वारा मतदाताओं के बीच मतदाता मार्गदर्शिका बुकलेट का वितरण कर 20 मई 2024 को मताधिकार का प्रयोग कर मतदान कर लोकतंत्र के महा पर्व में सहभागी बनाने की अपील किया गया। साथ ही मतदाताओं को वोटर हेल्पलाइन एप्प, सी-विजिल एप्प, मतदान की प्रक्रिया समेत कई जानकारी दिया जा रहा है एवं निर्भीक होकर मतदान करने की अपील किया गया।

### ट्रैक्टर व बाईक की टक्कर में दो युवक घायल

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कलीडीह तमोलिया पुल के समीप रविवार की रात ट्रैक्टर व मोटरसाइकिल की टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं घायल युवक की पहचान गांवा थाना क्षेत्र के जोदासिमर निवासी 22 वर्षीय गुड्डू कुमार पिता श्रीधर सिंह तथा 20 वर्षीय अशोक कुमार पिता रामबालक राजवंशी के रूप में की गयी। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विजय गुप्ता दल-बल के साथ मौके पर पहुंच कर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस ने जेएच21जी/3833 ग्लैमर मोटरसाइकिल व स्वराज ट्रैक्टर को थाना ले गयी।

### ड्यूटी से गायब डॉक्टर को किया गया शोकॉज

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित दंत चिकित्सक डॉ. आशीष कुमार यादव को बिना सूचना के अपने ड्यूटी से गायब रहने पर सोमवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामाशीष चैधरी के द्वारा कारण पृच्छा किया गया है। यह कि रविवार को शाम में बिना सूचना के कार्यस्थल से अनुपस्थित रहने के कारण चिकित्सा व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ा है, जिसके कारण मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। जिसे लेकर 24 घंटे के अंदर जवाब देने को कहा गया कि क्यों नही एक दिन का मानदेय अगले आदेश तक स्थगित रखा जाय, जिसकी प्रतिलिपि असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी कोडरमा को भी भेजी गई है। ज्ञात हो की रविवार को पेट्रो जलप्रपात में कुछ युवकों के द्वारा लड़ाई के दौरान चोटें आई थी और वाहन दुर्घटना के कारण घायल युवक सामुदायिक केंद्र सतगावां में दर्द से बेचैन रहा, मगर कोई चिकित्सक कार्यस्थल पर मौजूद नही थे।

# फुटबॉल टूनार्मेंट में सैनिक स्कूल तिलैया ने लहराया जीत का परचम






खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** इंटरा ग्रुप-डी फुटबॉल टूनार्मेंट प्रतियोगिता का आयोजन सैनिक स्कूल नालंदा बिहार में किया गया। इस प्रतियोगिता में चार सैनिक स्कूलों जिसमें सैनिक स्कूल नालंदा, सैनिक स्कूल तिलैया, सैनिक स्कूल पुरुलिया प. बंगाल व सैनिक स्कूल गोपालगंज बिहार ने भाग लिया। वहीं सैनिक स्कूल तिलैया के फुटबॉल टीम के प्रभारी विश्वनाथ शुक्ला, सोनल दहंगा एवं पीटीआई नायक सहित 48 टीम सदस्यों को लेकर 19 अप्रैल से 27 अप्रैल तक फुटबॉल टूनार्मेंट में भाग लिया। सैनिक स्कूल तिलैया ने सभी टीम से डटकर मुकाबला किया। सब जुनियर टीम का फाइनल खेल सैनिक स्कूल तिलैया और सैनिक स्कूल नालंदा के बीच खेला गया। उस खेल में सैनिक स्कूल तिलैया ने सैनिक स्कूल नालंदा को 00-02 गोल से हराकर जीट का सेहरा अपने सिर बांधा और विनर-अप ट्रॉफी अपने नाम की। कैडेट शेख सादिक को बेस्ट प्लेयर ऑफ टूनार्मेंट से नवाजा गया। वहीं कैडेट सोबित मंडल एवं शेख सादिक को सबसे ज्यादा गोल स्कोर पर शिवो मेवालाल ट्रॉफी दी गई। सैनिक स्कूल तिलैया की जुनियर फुटबॉल टीम ने द्वितीय स्थान पर रहकर रनर-अप ट्रॉफी अपने नाम की। इंटरा ग्रुप-डी फुटबॉल टूनार्मेंट की प्रतियोगिता जीतने के बाद सैनिक स्कूल तिलैया की टीम ने 16 मई से 22 मई तक सैनिक स्कूल तिलैया में खेले जाने वाले इंटर ग्रुप फुटबॉल टुननार्मेंट के लिए मर्हता हासिल की है। वहीं सैनिक स्कूल तिलैया के प्राचार्य कर्नल एस मोहन राव ने टीम के प्रदर्शन पर काफी प्रसन्नता व्यक्त की और टीम को इसी तरह अग्रसर रहने की शुभकामनाएं दीं। मौके पर उपप्राचार्य ले. कर्नल लालनुन सियामा, प्रशासनिक अधिकारी अनन्द श्रीवास्तव, सीनियर मास्टर एम पाठक ने भी प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। वहीं स्कूल के सभी शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने टीम के सभी सदस्यों के बेहतर प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी।

## पतरातु से युवती लापता


लापाता नमिता कुमार।

**सरयू।** सरयू टिओपी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पतरातु गांव निवासी स्वर्गीय मनेश्वर उरांव के 17 वर्षीय पुत्री नमिता कुमारी अपने घर पतरातु से 13 अप्रैल से लापता हो गई है। वहीं परिजनों के द्वारा खोजबीन करने के बाद भी नमिता का सुराग नहीं मिला है। नमिता कुमारी के चाचा मनोज उरांव ने बताया कि नमिता कुमारी 13 अप्रैल को घर से बिना बताएं हुए निकली है जो अभी तक अपने घर नहीं आई हैं। मनोज उरांव ने बताया की परिजनों के द्वारा सभी रिस्तेदारो और सॉन्ग साथियों के यहां खोजबीन करने के बाद भी नमिता का कोई सुराग नहीं मिला रहा है। जिसको लेकर परिजनों में चिंता का विषय बना हुआ हैं। नमिता कुमारी के चाचा मनोज उरांव ने बताया कि अगर नमिता कुमारी कहीं दिखाई देती है तो दिए हुए नंबर 8102587020 पर संपर्क करने का अपील किया है।

### मनिका प्रखंड के परसही में पुल निर्माण के कार्य में लापरवाही देख भड़के जिप सदस्य

# जांच के दौरान कार्य स्थल पर नहीं पाए गए जेई

➡ **गुणवत्तापूर्ण नहीं हो रहा काम संवेदक करें सुधार, नहीं तो काम करवाया जाएगा बंद : बलवंत सिंह**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय से होकर गुजरने वाली पल्हेया रोड के परसही के पास पुल निर्माण के कार्य में भारी लापरवाही बरतने का ग्रामीणों के द्वारा मनिका पश्चिम क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह को शिकायत दी गई थी। जिसके बाद दिन सोमवार को बलवंत सिंह पुल निर्माण कार्य का जांच करने कार्य स्थल पर पहुंचे जहां पर भारी लापरवाही देखकर बलवंत सिंह कार्य स्थल पर मौजूद मुंशी पर भड़क उठे। मौके पर जिप सदस्य बलवंत सिंह ने बताया कि पुल निर्माण का कार्य होने के कारण वाहनों की आवागमन के लिए बनाए गए बाईपास पर पानी का छिड़काव नहीं होने से यहां के आसपास के लोगों को धूल का सामना करना पड़ रहा है जिससे लोगों को बीमारियों से गुजरना पड़ेगा और इसका जिम्मेवार सिर्फ पुल निर्माण करवा रहे संवेदक होंगे। उन्होंने बताया कि पुल निर्माण के कार्य में भी संवेदक के द्वारा काफी लापरवाही बरती जा रही है पुल निर्माण का कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं हो रहा है 15 तगाड़ी बालू में एक बोरा सीमेंट का मिलावट किया जा रहा है जबकि दो बोरे सीमेंट का मिलावट होना चाहिए था इस तरह से अगर पुल का निर्माण होता है तो यह पुल ज्यादा दिनों तक नहीं टिक पाएगा और लोगों को आवागमन में फिर से परेशानी होगी। उन्होंने कहा कि यहां के लोग कई वर्षों से पल्हेया रोड बनने का आस देख रहे थे इस रोड की स्थिति इतनी खराब थी कि इस पर आवागमन करना काफी जोखिम भरा हुआ था और अब निर्माण का कार्य शुरू हुआ है तो संवेदक अपने फायदा के लिए जैसे-तैसे करके काम को पूरा करने में लगे हैं जो बिल्कुल नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि अगर संवेदक अपने काम में सुधार नहीं करता है तो हम लोग पुल निर्माण का कार्य बंद करवा देंगे और इसकी शिकायत लातेहार जिला उपायुक्त को भी दी जाएगी। वहीं बलवंत सिंह ने बताया कि जांच के दौरान कार्य स्थल पर जेई नहीं थे सिर्फ यहां पर एक मुंशी है जो संवेदक के द्वारा बताएं अनुसार काम करवा रहा है यहां तक कि काम कर रहे मजदूरों को भी उनकी मजदूरी नहीं बताई गई है उन्होंने कहा कि मजदूरों को सरकार द्वारा तय की गई उचित मजदूरी मिलना चाहिए।

### घटिया मेटेरियल का हो रहा है उपयोग: राजमिस्त्री



पुल निर्माण कार्य स्थल।

मौके पर पुल निर्माण का कार्य कर रहे राजमिस्त्री से निर्माण कार्य में लगाए जा रहे मेटेरियल के विषय में पूछा गया तो मिस्त्री ने कहा कि बहुत ही घटिया मेटेरियल यहां पर लगाई जा रही है बालू में दो बोरा सीमेंट के जगह पर एक बोरा बालू डालकर ही काम चलाया जा रहा है जिससे कि यह पुल बिल्कुल भी मजबूत नहीं बन पा रहा है। उन्होंने कहा कि जब ठेकेदार को बोलते हैं तो ठेकेदार बोलते हैं कि जैसे हम बोल रहे हैं वैसे ही कम करो और मुंशी के द्वारा मिस्त्री व मजदूर को डराते हुए बोला जाता है कि ज्यादा चमचागिरी नहीं करना है जैसे हम लोग बोल रहे हैं वैसे ही काम करना है।

### संवेदक का नाम बताने से बचते दिखे मुंशी


कार्यस्थल पर मौजूद जिप सदस्य व अन्य।

वहीं कार्यस्थल पर मौजूद मुंशी से जब पूछा गया कि यहां पर पुल निर्माण का कार्य कौन करवा रहा है तो मुंशी संवेदक का नाम बताने से हिचकीचाने लगे और संवेदक का नाम नहीं बताया, यहां तक की सरकार द्वारा तय की गई मजदूरों की मजदूरी भी मुंशी को पता नहीं था साथ ही कार्यस्थल पर कोई बोर्ड भी नहीं लगाया गया था।

## केएन त्रिपाठी के नॉमिनेशन में चंदवा से सैकड़ो झामुमो कार्यकर्ता होंगे शामिल


बैठक करते झामुमों कार्यकर्ता।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चतरा संसदीय क्षेत्र से इंडी गठबंधन समर्थित कांग्रेस उम्मीदवार कृष्णानंद त्रिपाठी 30 अप्रैल मंगलवार को अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। जिसको लेकर सोमवार को चंदवा झामुमो कार्यकताओं की बैठक कुसुमटोला स्थित जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा के आवासीय प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सितमोहन मुंडा व संचालन मो. इजहार ने किया। बैठक में कार्यकताओं ने केएन त्रिपाठी को चुनाव में विजयी बनाने को लेकर गम्भीरता से चर्चा करते हुए रणनीति भी तैयार किया साथ ही नॉमिनेशन कार्यक्रम में पूरे प्रखंड से सैकड़ो की संख्या में कार्यकताओं के शामिल होने की भी बात कही। सीतमोहन मुंडा ने कहा कि चतरा के साथ साथ पूरे झारखंड में इंडी गठबंधन एक जुट होकर चुनाव लड़ेगी। हमारी लड़ाई देश के संविधान व लोकतंत्र को बचाने की है। देश में 10 वर्षों तक विकास के नाम पर केंद्र की सत्ता में रहने वाली भाजपा सरकार ने देश को महंगाई व बेरोजगारी की ओर धकेल दिया है। जनता त्राहिमाम कर रही है और पूंजीपति कॉरपोरेट घराने राज कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव में इसका जवाब सभी को मिलकर देना है। बैठक में सुमन सुनील सोरेंग, ब्रह्मदेव प्रजापति, डब्लू प्रजापति, मोहम्मद सरफराज, बालक यादव, बनेश्वर उरांव, रतनू गंझू, कामेश उरांव, केश्वर सिंह, रामपाल गंझू, असगर अली समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सेविकाओं को बच्चों के समुचित पोषण और एप की दी गई जानकारी

# बाल विवाह के खिलाफ किया जागरूक

**खबर मन्त्र संवाददाता**


जानकारी लेते सेविका।

**चंदवा।** बाल विकास परियोजना सभागार में आंगनबाड़ी सेविकाओं की बैठक हुई। बैठक में मौजूद महिला पर्यवेक्षिका ज्योति बाला, मीरू झा, पूजा विनाय और रूबी रानी ने सेविकाओं को बच्चों के समुचित पोषण, समर अभियान समेत कई जानकारियां दी। पोषण ट्रैकर के नए वर्जन की जानकारी देते उस पर कार्य करने को कहा गया। कहा कि डिजिटल इंडिया के साथ खुद को अपडेट करें। कार्य में बेहतरी का प्रयास करें। बाल विवाह की जानकारी देते कहा कि इन दिनों शादियां हो रही हैं। जानकारी लें कि केंद्र के नजदीक जिनकी शादी हो रही है वो निर्धारित विवाह की उम्र सीमा के हैं अथवा नहीं। यदि उनकी उम्र विवाह की नहीं हुई हो तो उनके अभिभावकों को कम उम्र में विवाह के दुष्परिणाम की जानकारी दें। यदि वो उनकी बातों से इंकार करते हैं और जबरन विवाह की बात करते हैं तो विभाग को जानकारी उपलब्ध कराएं।

संबंधित पदाधिकारियों से संपर्क साध इसके लिए पहल की जाएगी। इस दौरान अति गंभीर कुपोषित बच्चों के कुपोषण उपचार केंद्र में प्रदत सेवाओं का पोस्टर, सही पोषण देश रोशन, समर अभियान का बुकलेट का वितरण भी किया गया। मौके पर मीना देवी, विद्या रानी, सुकृता मिंज, सुषमा वैद्य, शांति देवी, मार्गेट कुजूर, रंथी देवी, उषा देवी, प्रर्मिला देवी समेत अन्य सेविकाएं मौजूद थीं।

## अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई दो की मौत


दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ/हेरहंज।** बालूमाथ-पाँकी मुख्य पथ पर मेराल ग्राम के पास सोमवार की अहले सुबह एक अनियंत्रित कार पेड़ से जा टकराई। जिससे उसमें सवार दो लोगो की मौत हो गयी। घटना के सबंध में मिली जानकारी के अनुसार लवनाथ सिंह 56 वर्ष पिता केदार सिंह ग्राम बरकट्टा हजारीबाग निवासी एवं ऋतिक कुमार 21 वर्ष बीजेंद्र सिंह ग्राम होलंगगढ़ा ऊटा जिला चतरा निवासी दोनों मध्य प्रदेश में रहकर काम करते है। जहां से वे लोग कार जेएच 02 बीएफ3101 से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान मेराल मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर एक पेड़ में टक्कर मार दिया ।घटना के बाद हेरहंज पुलिस की मदद दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर धुर्व कुमार ने जांचोपरांत के बाद दोनो को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। वहीं घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लवनाथ सिंह मध्यप्रदेश के सिंगरौली में रहकर कोलियरी में सीसीएल में काम करते थे। वही ऋतिक कुमार लवनाथ सिंह के दामाद जो एलाआईसी डेबलपमेंट ऑफि सर है उसके साथ काम करता था।

## अबुआ आवास बनाने के लिए पुराना दीवार हटाने के दौरान हुआ हादसा, दबकर महिला की मौत


गिरे हुए दिवार को दिखाते ग्रामीण।

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के कामता पंचायत अंतर्गत परसाही गांव में सोमवार की दोपहर पुराने घर का दीवार गिरने से दबाकर एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की पहचान इंदर राय की पत्नी निर्मला देवी (60 वर्ष) के रूप में हुई। हादसा उस वक्त हुआ जब पुराने घर को तोड़कर नया मकान बनाने को लेकर नींव रखने व पुराना दीवार को गिराने का काम चल रहा था, महिला दीवार के पास खड़ी थी, इसी दौरान अचानक दीवार भरभरा कर महिला पर गिर गया। बता दे की महिला गरीब परिवार से थी व इसी वर्ष अबुआ आवास योजना का लाभ उसे मिला था, जिसके बाद मृतका व परिवार के लोग पुराने मिट्टी के मकान को गिरा कर नया घर बनाने के लिए पुराना दीवार को गिराने का काम कर रहे थे। मृतका अपने पीछे के 3 बेटा व 2 बेटी को पीछे छोड़ गई है। मृतिका का तीनों बेटे दूसरे प्रदेश में काम करते हैं जिस कारण वह नहीं लौट पाए थे। उनके लौटने के बाद मृतका का अंतिम संस्कार मंगलवार को किया जाएगा। इधर घटना के बाद पीड़ित परिवार का रो रो कर बुरा हाल है।

## तालाब मे फेके गए प्लास्टिक के बंद बोरी में मिला भारी मात्रा में मतदाता पहचान पत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**


तालाब से मिला पहचान पत्र।

बारियातू। प्रखंड के लाटू ग्राम स्थित सरना मंडप के समीप मछली मारने के दौरान तालाब मे फेके गए पलास्टिक के बोरे मे बंद कर फेके गए मतदाता पहचान पत्र मिला। तालाब से मतदाता पहचान पत्र मिलते ही ग्रामीणों मे बना चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीण सतेंद्र गंझु, विनोद गंझु, उमेश गंझु, राजेश, राजकिशोर, पंकज, गुलटन, किटी, जगथिर, सबूलाल, बबन, चमरू, सरदारी, जीतेन्द्र, चरकु, राजू, विजय, संदीप, निरंजन, संतोष, संजय सहित अन्य ने बताया की रविवार दोपहर सरना मंडप के सामने तालाब मे मछली छानने के लिए हम सभी गए हुए थे। मछली मारने के लिए जब तालाब मे जाल लगाकर बाहर निकले तो जाल मे छनकर प्लास्टिक के बंद बोरी मे भारी मात्रा मे मतदाता पहचान पत्र निकला। इधर 20 मई को लोक सभा चुनाव है। अचानक इस तरह तालाब से पहचान पत्र मिलने से तरह तरह का चर्चा का विषय बना हुआ है। तालाब से मिले पहचान पत्र दो चार छोड़कर सभी गँझू (आदिवासी समुदाय) के नाम से है। यह पहचान पत्र फूलसु पंचायत क्षेत्र के आसपास गांव टोले निवासी के नाम से है।

फेके गए पहचान पत्र कौन पोस्टमैन, अधिकारी व बीएएलओ को वितरण के लिए दिया गया था। क्यों तालाब मे फेका गया यह जाँच का विषय है। एक तरफ प्रशासन और विभाग शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए जागरूकता अभियान, नुक्कड़ नाटक कर लोगों को मानसिक चेतना जागरूक कर रहे हैं। इधर मतदान के लिए पहचान पत्र तालाब मे फेक दिया जा रहा है। जो मछली के जगह जाल मे छन कर बाहर निकल रहा है। जिससे क्षेत्र मे तरह तरह का कोतुहल का विषय बना हुआ है।

## रा. प्रा. विद्यालय हुंडरु के दो बच्चे जवाहर नवोदय विद्यालय एवं दो बच्चे उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश परीक्षा में हुए सफल

**खबर मन्त्र संवाददाता**


छात्र को सम्मानित करते शिक्षक।

**लातेहार।** राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय हुंडरु लातेहार में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा एवं उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफल छात्रों के सम्मान हेतु सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बता दें कि जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में विद्यालय की छात्रा लक्ष्मी कुमारी एवं चांदनी कुमारी ने सफलता प्राप्त की साथ ही उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश परीक्षा में कुलदीप उरांव एवं सुशील उरांव ने सफलता प्राप्त किया है। इससे विद्यालय परिवार में हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर सफल छात्रों को सम्मानित किया गया, साथ ही विद्यालय का वार्षिक रिजल्ट भी प्रकाशित किया गया। सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की कामना की गई विद्यालय में विशेष भोजन का भी व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक हीरा प्रसाद यादव, संजीव कुमार चंद्र, प्रमोद कुमार पांडे, संतोष कुमार मेहता, रामप्रसाद साव, संजय उरांव, कइला उरांव, प्रमिला देवी, सुमंती देवी, सोनम देवी, बसंती देवी सहित कई अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित थे।

## गोड्डा की छात्राओ ने जामताड़ा में किसानों को दिया प्रशिक्षण



तिलका मांझी कृषि महाविद्यालय, गोड्डा की चतुर्थ वर्ष की छात्राओं ने ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव के अंतर्गत जामताड़ा के बेना गांव में किसानों का सर्वे किया साथ ही किसान उपयोगी प्रशिक्षण प्रदान किया । इस कार्यक्रम के अंतर्गत उन्होंने कीटनाशक छिड़काव के दौरान बरते जाने वाली सावधानियों एवं उनके उपयोग के सही तरीके के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने अपशिष्ट से धन के बारे में भी अवगत कराया जिसमे उन्होंने किसानों को अपशिष्ट से धन कमाने की विभिन्न पद्धतिओं के बारे में जागरूक कराया । इस कार्यक्रम में छात्राएँ साक्षी कुमारी, निकिता कुमारी मुंडा, भाग्य श्री, यशी, मयूरी सुशांत और किसानों में अशोक रजवार, महेश्वर महतो, हेमंत चंद्र बाउरी, संजीत कुमार यादव, सुल्तान अंसारी के साथ कृषक मित्र मुकेश कुमार यादव एवं अनय किसान उपस्थित थे।

# युवती के साथ मारपीट व छेड़खानी का प्रयास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा पूर्वी पंचायत अंतर्गत शहर से सटे एक टोले में एक हरिजन युवती को अकेला पाकर उसके साथ मारपीट व छेड़खानी का प्रयास किये जाने का मामला सामने आया है। घटना बीते 25 अप्रैल की बतायी जा रही है, पीड़िता का आरोप है कि 25 अप्रैल को ही मामले को लेकर चंदवा थाना में लिखित आवेदन देकर दोषियों के विरुद्ध की गुहार भी लगाई है लेकिन 4 दिन जाने के बाद भी आरोपी खुले आम घूम रहे हैं व देख लेने की घमकी भी दे रहे हैं। घटना को लेकर पीड़िता ने बताया कि 25 अप्रैल की शाम परिवार के लोग शादी व कुछ जरूरी कार्यो के लिए घर से बाहर गए थे, इसी दौरान शाम के लगभग सात बजे टोले के हीं दो-तीन युवक घर के बाहर बाइक खड़ी किये थे, शराब के नशे में गाली गलौज कर रहे थे तो हमने उन्हें जाकर बोले कि भैया बाइक को यहां से हटा लीजिए, लेकिन मुझे अकेला देख कर युवकों ने पकड़ लिया व मारपीट करते हुए अपने घर के अंदर ले गया व मेरे कपड़े फाड़कर छेड़खानी का प्रयास करने लगा व शरीर मे कई स्थानों पर नाखून से नोच दिया। किसी प्रकार हो-हल्ला मचाते हुए जान बचाने के लिए मदद की गुहार लगायी, जिसके बाद कुछ लोग आ गए व मैं वहां से घायलावस्था में भागी व थाना आकर पूरे मामले की जानकारी लिखित आवेदन से पुलिस को दी व अपना उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में कराया। पीड़िता का आरोप है कि आवेदन दिए जाने के 4 दिन बीत जाने के बाद भी दोषियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नही हो रही है। आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं व धमकी दे रहे हैं, केस करोगी तो क्या होगा कुछ दिनों ही जेल से छूट जायेंगे। जिससे से पीड़िता व उसका पूरा परिवार दहशत में है व रो-रो कर बुरा हाल है, पीड़िता कहती है कि पूरे मोहल्ले में उसे गलत नजरिया से देखा जा रहा है। आरोपियों अगर सजा नहीं मिली तो भविष्य में फिर से वह लोग उसके साथ एवं परिजनों के साथ गलत करेंगे।

### एसडीपीओ के पहल के बाद घटना 4 दिन बाद हुई प्राथमिकी


जानकारी देती पीड़िता।

इधर मामले में कार्रवाई नही होने के बाद पीड़िता ने रविवार को लातेहार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार को पूरे घटना से अवगत कराया। इसके बाद उन्होंने तत्काल मामले को संज्ञान लेते हुए चंदवा थाना प्रभारी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया, जिसके बाद 28 अप्रैल को चंदवा थाना में मामला दर्ज किया गया जिसका कांड संख्या 42/24 है।

#### क्या कहते हैं एसडीपीओ

इधर मामले को लेकर पूछे जाने पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है, चंदवा थाना को तत्काल कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिया है। पीड़िता को

## मतदाता पर्ची एवं अन्य सामग्री उपलब्ध कराने को लेकर बीडीओ ने किया बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**


बैठक करते बीडीओ।

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर मे सोमवार को सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ नंद कुमार राम के अध्यक्षता मे सभी बीएलओ और प्रयवेक्षक के साथ बैठक किया गया। बैठक मे मुख्य रूप से उपस्थित सभी बीएलओ को मतदाता सूचना रजिस्टर, मतदाता पर्ची एंव अन्य सामग्री उपलब्ध कराते हुए 13 मई तक हस्तगत कराते हुए एएसडी सूची तैयार करने, मतदाता दिवस के दिन किए जाने वाले कार्यों के बारे मे विस्तृत रुप से जानकारी दिया गया। मौके पर निर्वाचन कॉर्डिनेंटर अलोक दुबे,प्रयवेक्षक प्रकाश कुमार, चंदन कुमार, बिमला कुमारी, बिमला कुमारी, बीएलओ मधुबाला देवी, बबिता देवी, सकलमनी देवी, पूजा कुमारी, सविता देवी सहित अन्य कर्मी मौजूद थे। वहीं प्रखंड क्षेत्र में लंबित आवास योजना पूर्ण करने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता मे बैठक की गई। बैठक मे अध्यक्षता कर रहे प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नन्द कुमार राम ने एक महीने के अंदर लंबित पीएम आवास व अम्बेडकर आवास योजना को पूर्ण करने का निर्देश दिया. इस सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए आवास कोडिनेटर शशि कुजूर ने कहा की बारियातू प्रखंड मे 204 पीएम आवास व 15 अम्बेडकर आवास लंबित हैं। जिसे जल्द सें जल्द पूरा करना है। इस बैठक मे पंचायत सहायक शैलेश उरांव, कृष्णा प्रसाद, मनोज ठाकुर, अजय कुमार, कुलेश्वर यादव, आरिफ अंसारी, ओमप्रकाश, राजेंद्र यादव, महावीर उरांव, राजकिशोर, मुकेश यादव, सहित सभी आवास मित्र शामिल थे।

